**प्रेस नोट**

**दिनांक- 16-11-2026**

## थाना छपिया पुलिस द्वारा अवैध देशी तमंचा रखने वाले 02 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार, 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद-

### कार्यवाही/घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 15.11.2026 को थाना छपिया पुलिस द्वारा रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग तथा अपराधों की रोकथाम के दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति माहरा गौरा से छपिया मार्ग की तरफ जा रहे हैं, जिनके पास अवैध असलहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर चाँदारती रेलवे क्रासिंग के पास घेराबंदी कर 02 अभियुक्तों 1. पवन कुमार पाण्डेय पुत्र रामसुधाकर पाण्डेय निवासी ग्राम लोहरौली थाना छपिया जनपद गोण्डा तथा 2. कमलकान्त उर्फ श्यामू पुत्र संतकुमार निवासी ग्राम चुआर थाना छपिया जनपद गोण्डा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त पवन कुमार पाण्डेय के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर तथा अभियुक्त कमलकान्त उर्फ श्यामू के कब्जे से 01 अदद अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। इसके अतिरिक्त दोनों अभियुक्तों के कब्जे से क्रमशः 2,100 रुपये एवं 830 रुपये नकद बरामद हुए। अभियुक्तगण के कब्जे से मिली सफेद अपाचे मोटरसाइकिल संख्या UP43BM9203 के वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना छपिया पर मु0अ0सं0 417/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगणों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. पवन कुमार पाण्डेय पुत्र रामसुधाकर पाण्डेय निवासी ग्राम लोहरौली थाना छपिया जनपद गोण्डा।
2. कमलकान्त उर्फ श्यामू पुत्र संतकुमार निवासी ग्राम चुआर थाना छपिया जनपद गोण्डा।

### बरामदगी-

1. 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर।
2. 01 अदद अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर।
3. 2,100 रुपये नकद (अभियुक्त पवन कुमार पाण्डेय के कब्जे से)।
4. 830 रुपये नकद (अभियुक्त कमलकान्त उर्फ श्यामू के कब्जे से)।
5. 01 अदद सफेद अपाचे मोटरसाइकिल संख्या UP43BM9203 (धारा 207 एमवी एक्ट में सीज)।

### पंजीकृत अभियोग-

01- मु0अ0सं0 417/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना छपिया जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अक्षय कुमार चौधरी ।
2. हे0का0 अरविन्द कुमार।
3. का0 अवनीश यादव।
4. का0 दीपक कुमार।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक- 16-11-2026**

## थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा हत्याभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

### कार्यवाही-

आज दिनांक 16.11.2026 को थाना कर्नलगंज पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर बालपुर से कटरा जाने वाले मार्ग पर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालपुर प्रथम के पास तिराहे से वांछित अभियुक्त सूरज पुत्र सुखराम कश्यप निवासी हरदयालपुरवा, मौजा चकरौत, थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 09.11.2026 को थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरदयालपुरवा, मौजा चकरौत में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों के मध्य विवाद हो गया था। इस दौरान सुखराम पुत्र पुसई, सूरज पुत्र सुखराम, चन्दन पुत्र सुखराम एवं सुखराम की पत्नी फूलपता द्वारा एकराय होकर गालीडण्डों से मारपीट की गई -गलौज करते हुए शिवशंकर के दरवाजे पर पहुंचकर लाठी- ।थीजिसनी अस्पताल में मृत्यु हो गई। उक्त घटना के संबंध में थाना कर्नलगंज पर लिखित तहरीर दी गई, प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1- सूरज पुत्र सुखराम कश्यप निवासी हरदयालपुरवा, मौजा चकरौत, थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग-

1- मु0अ0सं0 0664/2026 धारा 103(1), 115(2), 351(3), 352 बीएनएस, थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष अभय सिंह, थाना कर्नलगंज।
2. उ0नि0 दयानन्द यादव।
3. उ0नि0 शशांक मौर्य।
4. हे0का0 संजय निषाद।
5. हे0का0 कमल सिंह (चालक)।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक- 16-11-2026**

## मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति किया गया जागरूक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत जनपद गोण्डा के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान थाना वजीरगंज की टीम द्वारा बारादरी घाट, थाना खोड़ारे की टीम द्वारा जिगरिया पोखरा सबना घाट, थाना मोतीगंज की टीम द्वारा हड़हवा भंवरिया पारा, थाना छपिया की टीम द्वारा जय बजरंग एजुकेशन एकेडमी धर्मदासपुर एवं ग्राम गोरया छोटका पुरवा, थाना परसपुर की टीम द्वारा ग्राम सुसुंडा, थाना धानेपुर की टीम द्वारा इंडियन बैंक कस्बा धानेपुर, थाना कोतवाली देहात की टीम द्वारा ग्राम फिरोज तरहर एवं चंद्रवतपुर, थाना करनैलगंज की टीम द्वारा ग्राम हटही, कस्बा करनैलगंज एवं बस स्टैंड तथा थाना कौड़िया की टीम द्वारा बडहराजोत, बेलवाभान एवं कस्बा कौड़िया में महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया गया।अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को **नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन** के प्रति जागरूक करते हुए महिला संबंधी अपराधों जैसे छेड़छाड़, शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध एवं एसिड अटैक आदि से बचाव एवं उनके विरुद्ध उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, नए आपराधिक कानूनों तथा साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रत्येक थाने पर स्थापित **मिशन शक्ति केंद्र** के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में वे बिना किसी भय या संकोच के पुलिस से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के संबंध में भी जागरूक किया गया तथा जागरूकता संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए।

## इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें—

- **112 – पुलिस आपातकालीन सेवा**
- **1090 – वूमेन पावर लाइन**
- **181 – महिला हेल्पलाइन**
- **1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन**
- **1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**
- **1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन**
- **108 – एंबुलेंस सेवा**
- **102 – स्वास्थ्य सेवा**
- **101 – अग्निशमन सेवा**

उक्त जागरूकता कार्यक्रमों में संबंधित थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित रहे। इनमें महिला उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी एवं महिला आरक्षी शामिल रहे।

## गोण्डा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**